पत्रांक–5/बी01–45/2016............................

बिहार सरकार,
शिक्षा विभाग।

प्रेषक,

भरत राम,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा)
संलग्न विवरणी अनुसार।

पटना, दिनांक ..../

विषय :– राज्य योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 में माध्यमिक शिक्षा अन्तर्गत बिहार शताब्दी मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना के तहत वर्ग XI एवं XII की सामान्य कोटि की बालिकाओं के लिए पोशाक हेतु कुल रूपये **27,69,09,000/–**(सताईस करोड़ उनहत्तर लाख नौ हजार रूपये) मात्र राशि का आवंटन।

महोदय,

मांग संख्या–21, मुख्य शीर्ष–2202–सामान्य शिक्षा, उप मुख्य शीर्ष–03–विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा, लघु शीर्ष–107–छात्रवृत्तिया, उप शीर्ष–0104–मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, विषय शीर्ष–34 01–छात्रवृत्ति/वजीफा, विपत्र कोड संख्या–पी 2202031070104 में वर्ग XI एवं XII में नियमित रूप से अध्ययनरत छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2015–16 में कुल राशि रू0 **27,69,09,000/–**(सताईस करोड़ उनहत्तर लाख नौ हजार रूपये) मात्र आपको संलग्न विवरणी अनुसार आवंटन आवंटित की जाती है।

2 यह राशि वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561 (वि0–2), दिनांक–17.04.1998 300(वि), दिनांक–08.05.2009, 423 दिनांक–31.03.2016, 2793 दिनांक–04.04.2016 एवं 4572 दिनांक–03.06.2016 में उल्लिखित प्रावधानों के अन्तर्गत आवंटित है।

3. उपर्युक्त आवंटन स्वीकृत्यादेश संख्या–66 दिनांक–27.01.2016 के आलोक में आवंटित है।

4. इस राशि की निकासी एवं व्यय स्वीकृत्यादेश संख्या–66 दिनांक–27.01.2016 में अंकित प्रावधानों के अनुसार की जाय।

5 आवंटित राशि का भुगतान पूरी छान–बीन एवं जाँच पड़ताल के बाद नियम के आलोक में ही किया जाए। आवंटित राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार की छद्मपूर्ण या अनियमित निकासी एवं व्ययन तथा वित्तीय अनुशासनहीनता की पूरी जिम्मेवारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

6. इस आवंटन को व्यय की स्वीकृति नहीं समझा जाय। सक्षम पदाधिकारी से स्वीकृति प्राप्त कर नियम के आलोक में ही व्यय किया जाय, ताकि कोई व्यय अथवा राशि की निकासी अनियमित नहीं हों।

Sunil kumar sinha

7. वित्तीय नियमावली, बजट मैनुअल तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों में निहित प्रावधानों तथ, समय–समय पर निर्गत आदेशो का दृढ़तापूर्वक पालन किया जाय, ताकि व्यय पर वास्तविक रूप से नियंत्रण रखा जा सकें।

8 बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम 2006 के आलोक में प्रत्येक तिमाही की व्यय की सूचना वित्त विभाग को यथा समय उपलब्ध कराने हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सूचनाएँ प्रत्येक तिमाही के अंत में निश्चित रूप से विशेष दूत से उपलब्ध करा दिया जाय।

9. कोषागार में प्रस्तुत किये जाने वाले सभी विपत्रों पर मुख्य शीर्ष / लघु शीर्ष / उप शीर्ष आदि का स्पष्ट मुहर इकाईयों का कोड, विपत्र कोड एवं मांग संख्या अनिवार्य रूप से अंकित की जाए, ताकि महालेखाकार कार्यालय में लेखा संधारण समुचित ढंग से हो सके।

10 मासिक व्यय विवरणी अगले माह की 10वीं तारीख तक टी0भी0नं0 एवं तिथि के साथ अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरी को भेजी जाय।

11. मितव्ययिता अवश्य बरतें।

विश्वासभाजन,
ह0/-
(भरत राम),
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांकः– 234 पटना, दिनांकः– 30/1/17

प्रतिलिपिः–संबंधित सभी कोषागार पदाधिकारी / जिला पदाधिकारी / जिला शिक्षा पदाधिकारी / निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) / अवर सचिव–सह–बजट पदाधिकारी / आई0 टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30/01/17
(भरत राम),
सरकार के उप सचिव।

Sunil kumar sinha

मांग संख्या–21 मुख्य शीर्ष–2202–सामान्य शिक्षा, उपमुख्य शीर्ष–02–माध्यमिक शिक्षा, लघु शीर्ष–107–छात्रवृत्तियां, उपशीर्ष–0107–मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, विपत्र कोड–पी0 2202021070107 अंतर्गत विषय शीर्ष–34 01–छात्रवृति/वजीफा में वित्तीय वर्ष 2016–17 में जिलावार आवंटित राशि की विवरणी।

क्र0 सं0	जिला का नाम	11वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्राओं को पूर्व में आवंटित राशि (रू0 में)	11वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्राओं की संख्या	11वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्राओं को तत्काल आवंटित राशि (रू0 में)	कुल आवंटित राशि (रू0 में)
1	2	4	5	6	7
1	पटना	0	9014	9014000	9014000
2	नालन्दा	0	3032	3032000	3032000
3	भोजपुर	0	11393	11393000	11393000
4	बक्सर	0	4790	4790000	4790000
5	रोहतास	0	9209	9209000	9209000
6	कैमूर	0	6675	6675000	6675000
7	गया	0	9083	9083000	9083000
8	जहानाबाद	0	579	579000	579000
9	नवादा	0	5885	5885000	5885000
10	औरंगाबाद	0	4468	4468000	4468000
11	अरवल	0	5099	5099000	5099000
12	मुजफ्फरपुर	0	3915	3915000	3915000
13	वैशाली	0	10884	10884000	10884000
14	पुर्वी चम्पारण	0	11126	11126000	11126000
15	प0 चम्पारण	0	9578	9578000	9578000
16	सीतामढ़ी	0	7110	7110000	7110000
17	शिवहर	0	4353	4353000	4353000
18	सारण	0	20239	20239000	20239000
19	सिवान	0	11420	11420000	11420000
20	गोपालगंज	0	18120	18120000	18120000
21	दरभंगा	0	6987	6987000	6987000
22	मधुबनी	0	13083	13083000	13083000
23	समस्तीपुर		11196	11196000	11196000
24	सहरसा	0	16582	16582000	16582000
25	मधेपुरा	0	10009	10009000	10009000
26	सुपौल	0	3373	3373000	3373000
27	पुर्णिया	0	5098	5098000	5098000
28	कटिहार	0	1104	1104000	1104000
29	किशनगंज	0	3864	3864000	3864000
30	अररिया	0	3748	3748000	3748000
31	भागलपुर	0	7847	7847000	7847000
32	बांका	0	3242	3242000	3242000
33	मुगेंर	0	6272	6272000	6272000
34	बेगूसराय	0	10735	10735000	10735000
35	खगड़िया	0	3460	3460000	3460000
36	जमूई	0	2948	2948000	2948000
37	लखिसराय	0	1192	1192000	1192000
38	शेखपुरा	0	197	197000	197000
	कुल	**0**	**276909**	**276909000**	**276909000**

कुल (सताईस करोड़ उनहत्तर लाख नौ हजार) रूपये मात्र।

(भरत राम) 30/01/17
सरकार के उप सचिव।

D:/Prabha/Allotment Letter/1